राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान
(झारखण्ड सरकार का एक स्वायत्तशासी संस्थान)
राँची -834009 (झारखण्ड)
दूरभाष: 0651-2541533, फैक्स: 0651-2540629
E-mail: rimsranchi@rediffmail.com

RAJENDRA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
(An Autonomous Institute under Govt. of Jharkhand)
Ranchi 834009 (Jharkhand)
Phone: 0651-2541533, Fax: 0651-2540629
E-mail: rimsranchi@rediffmail.com

पत्रांक.......................रा0आ0सं0 / राँची / दिनांक.......................

## आदेश

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 19/2022 एवं 20/2022 के तहत् प्रतियोगिता परीक्षा 2022 (नियमित एवं बैकलॉग) द्वारा रिक्ति के विरूद्ध नियुक्ति हेतु झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 2345 दिनांक 16.08.2024 द्वारा प्राप्त वर्ग–3 के एक्स–रे टेक्नीशियन एवं प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु 3 (तीन) अभ्यार्थियों की अनुशंसा की गयी है। आयोग के उक्त पत्र के कंडिका–5 में दिए गये निदेश के अनुसार नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यार्थियों के प्रमाण–पत्रों की गहन जाँचोपरांत नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना है।

अतः उक्त निदेश के आलोक में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यार्थियों की नियुक्ति हेतु संबंधित अभ्यार्थियों द्वारा समर्पित आवेदन पत्र में संलग्न किये गये प्रमाण–पत्रों का गहन जाँच हेतु निम्नांकित रूप से जाँच समिति का गठन किया जाता है:–

| जाँच दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी / चिकित्सक का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|
| 1. चिकित्सा अधीक्षक, रिम्स, राँची। | निदेशक महोदय के निदेशानुसार यह जाँच कार्यक्रम दिनांक 26.09.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे रिम्स, राँची के प्रशासनिक भवन के दूसरे तल के सभा कक्ष में आयोजित की गयी है। |
| 2. डॉ॰ अशोक कुमार दुबे, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, एनाटोमी विभाग, रिम्स, राँची। | |
| 3. डॉ॰ संजय कुमार, सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, एफएमटी विभाग, रिम्स, राँची। | |
| 4. डॉ॰ जगन्नाथ प्रसाद, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सदस्य, रिम्स, राँची। | |

निदेशानुसार उपर्युक्त जाँच दल के सदस्यों को निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त अभ्युक्ति कॉलम में अंकित निर्धारित तिथि को ससमय यथा स्थान उपस्थित होकर अभ्यार्थियों के प्रमाण पत्रों की जाँचोपरान्त जाँच प्रतिवेदन दिनांक 26.09.2024 को ही अपराहन् 01:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

ज्ञातव्य हो कि उक्त अभ्यार्थियों का नियुक्ति पत्र दिनांक 27.09.2024 को माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार द्वारा वितरित किया जाना है।

ह0/–
प्रशासनिक पदाधिकारी,
राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची।

ज्ञापांक.......1110.......रा0आ0सं0 / राँची / दिनांक.......26/9/24.......

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित जाँच दल के सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर निदेशक (प्रशासन) / निदेशक कोषांग / कार्यालय अधीक्षक, रिम्स, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, रिम्स वेबसाईट राँची को अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि इस पत्र को सूची सहित रिम्स, राँची के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित अभ्यार्थीयों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। सूचित किया जाता है कि आप सभी उक्त निर्धारित तिथि को अपने नियुक्ति के लिए समर्पित आवेदन पत्र में संलग्न सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ ससमय यथा स्थान उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

26/09/24

प्रशासनिक पदाधिकारी,
राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची।

27/09/24

राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान
(झारखण्ड सरकार का एक स्वायत्तशासी संस्थान)
राँची–834009 (झारखण्ड)
दूरभाष: 0651–2541533, फैक्स: 0651–2540629
E-mail: rimsranchi@rediffmail.com

RAJENDRA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
(An Autonomous Institute under Govt. of Jharkhand)
Ranchi-834009 (Jharkhand)
Phone: 0651-2541533; Fax: 0651-2540629
E-mail: rimsranchi@rediffmail.com

पत्रांक 1111 रा0आ0सं0 / राँची / दिनांक 26/9/24

## कार्यालय आदेश

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 19/2022 एवं 20/2022 के तहत् प्रतियोगिता परीक्षा 2022 (नियमित एवं बैकलॉग) द्वारा रिक्ति के विरूद्ध नियुक्ति हेतु चयनित झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 2345 दिनांक 16.08.2024 द्वारा प्राप्त वर्ग–3 के एक्स–रे टेक्नीशियन के 02 रिक्त पद एवं प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु कुल 03 (तीन) अभ्यर्थियों का नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी है।

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार, राँची के द्वारा जैप–1 ऑडिटोरियम, राँची में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र अपराह्न 12 बजे से नियुक्ति पत्र वितरित किया जाना है, जिसमें रिम्स, राँची अंतर्गत एक्स–रे टेक्नीशियन एवं प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ के अभ्यर्थी भी सम्मलित हैं, जिन्हें नियुक्ति पत्र दिया जाना है।

अतः निदेशानुसार डॉ॰ प्रशांत गुप्ता, अपर प्राध्यापक, ओरल मेडिसीन एवं रेडियोलॉजी विभाग–सह–सब डीन, दंत चिकित्सा संस्थान, रिम्स, राँची को उक्त कार्य के लिये नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है तथा आदेश दिया जाता है कि निम्नांकित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र स्थापना शाखा से प्राप्त कर अभ्यर्थियों को लेकर दिनांक 27.09.2024 को निर्धारित समय पर जैप–1 ऑडिटोरियम, राँची में उपस्थित होकर नियुक्ति पत्र वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

नियुक्ति अभ्यर्थियों की सूची निम्नवत् है:–

1. श्री सच्चिदानन्द प्रसाद प्रजापति – एक्स–रे टेक्नीशियन के पद पर नियुक्त।
2. श्री रोहित कुमार भोगता – एक्स–रे टेक्नीशियन के पद पर नियुक्त।
3. श्री सुनिल सोरेन – प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ के पद पर नियुक्त।

उपर्युक्त के अतिरिक्त और तीन निम्नांकित अभ्यार्थी नियुक्त है:–

4. श्री अजय कुमार – टेक्नीकल असिस्टेन्ट के पद पर नियुक्त।
5. सुश्री गुंजा कुमारी – टेक्नीकल असिस्टेन्ट के पद पर नियुक्त।
6. श्रीमती प्रमिला मुर्मू – प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ के पद पर नियुक्त।

प्रस्ताव पर निदेशक महोदय, रिम्स, राँची का अनुमोदन प्राप्त है।

26/09/24
प्रशासनिक पदाधिकारी,
राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची।

ज्ञापांक 1111 रा0आ0सं0 / राँची / दिनांक 26/9/24

प्रतिलिपि :– डॉ॰ प्रशांत गुप्ता, अपर प्राध्यापक, ओरल मेडिसीन एवं रेडियोलॉजी विभाग–सह–सब डीन, दंत चिकित्सा संस्थान, रिम्स, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त तीनों अनुशंसित अभ्यर्थियों के साथ तय समय एवं स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– अपर निदेशक (प्रशासन)/निदेशक कोषांग/कार्यालय अधीक्षक, रिम्स, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, रिम्स वेबसाईट राँची को अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि इस पत्र को सूची सहित रिम्स, राँची के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, स्कूली शिक्षा, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित अभ्यार्थीयों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। सूचित किया जाता है कि आप सभी उक्त निर्धारित तिथि को अपने नियुक्ति के लिए समर्पित आवेदन पत्र में संलग्न सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ ससमय यथा स्थान उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

26/9/24
प्रशासनिक पदाधिकारी,
राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची।

ज्ञापांक 1111 रा0आ0सं0 / राँची / दिनांक 26/9/24

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

26/9/24
प्रशासनिक पदाधिकारी,
राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची।

Scanned with OKEN Scanner